AH-1103 CV-19 (S)
B.Sc. (Part-I)
Term End Examination, 2019-20
FOUNDATION COURSE
Paper – I
Hindi Language

Time : Three Hours] **[Maximum Marks : 75**
[Minimum Pass Marks : 26

नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

इकाई I

प्रश्न 1. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो सूक्ति का पल्लवन कीजिए– 8
(i) विपत्तियाँ मनुष्य की सर्वश्रेष्ठ गुरू है (ii) क्रोध अंधा होता है (iii) परहित सरिस धर्म नहिं भाई
(iv) साहित्य समाज का दर्पण है (v) नर हो न निराश करो मन को

अथवा

अनुवाद की परिभाषा देते हुए स्त्रोत भाषा एवं लक्ष्य भाषा में उदाहरण सहित अंतर लिखिए।

(ख) ईदगाह कहानी के प्रमुख पात्र का नाम लिखकर उसकी चारित्रिक विशेषताएं लिखिए। 7

अथवा

'ईदगाह' कहानी के लेखक का नाम लिखकर कहानी से मिलने वाली शिक्षा को स्पष्ट कीजिए।

इकाई II

2. (क) निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:– कोई–4 8
i) अमृत ii) नदी iii) पुष्प iv) आकाश v) सरस्वती vi) जल

अथवा

निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो–दो अर्थ लिखिए। कोई–4
i) कुल ii) तीर iii) कनक iv) अम्बर v) कर vi) काल

(ख) 'भारत वंदना' कविता में कवि ने भारत माँ के सौंदर्य का वर्णन किस प्रकार किया है? 7

अथवा

'भारत वंदना' कविता द्वारा कवि ने भारत माता की किन विशेषताओं को प्रकट किया है?

इकाई III

3. (क) देवनागरी लिपि की विशेषताएं लिखिए। 8

अथवा

वर्तमान युग में संक्षेपण की आवश्यकता और महत्व को प्रतिपादित कीजिए।

(ख) 'भोलाराम का जीव' व्यंग्य के आधार पर प्रशासनिक व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रकाश डालिए। 7

अथवा

यमदूत ने भोलाराम के जीव के विषय में चित्रगुप्त को क्या सूचना दी।

इकाई IV

4. (क) सामान्यजन के लिए सूचना टेक्नोलॉजी के लाभ बताइए। 8

अथवा

कम्प्यूटर में हिन्दी की सुविधाओं पर एक लेख लिखिए।

(ख) स्वामी विवेकानंद के अनुसार भारत के जनसाधारण और राजाओं के सम्मुख कौन–कौन सी प्रमुख चुनौतियां हैं। 7

अथवा

भारतीय महिलाओं और अमेरिकी महिलाओं की दशा के संबंध में स्वामी जी ने क्या लिखा है।

इकाई V

5. (क) मानक भाषा का अर्थ लिखते हुए इसके प्रमुख लक्षण लिखिए। 8

अथवा

मानक, उपमानक एवं अमानक भाषा का अर्थ लिखकर उदाहरण दीजिए।

(ख) प्राचीन काल के समाज की प्रमुख विशेषताएं लिखिए। 7

अथवा

मध्यकाल भारतीय समाज के पतन का काल था? स्पष्ट कीजिए।